# आवश्यक सूचना

## पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती– 2023, जनपद हमीरपुर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत जनपद हमीरपुर के निवासी 375 चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण/चरित्र सत्यापन की कार्यवाही दिनांक 22.04.2025 से प्रतिदिन प्रातः 09.00 बजे से पुलिस लाइन्स, हमीरपुर में सम्पादित की जायेगी। मेरिट के अनुसार प्रतिदिन 40 अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण/चरित्र सत्यापन कराया जाएगा। अभ्यर्थियों की सहायता के लिये पुलिस लाइन्स, हमीरपुर में हेल्प–डेस्क स्थापित किया गया है, जिसका सम्पर्क नं0 05282–222341, 7839854610 एवं 7839854620 है। सम्बन्धित सफल अभ्यर्थी बुलावा–पत्र प्राप्त होने के उपरांत नियत तिथि पर प्रातः 08.30 बजे बुलावा–पत्र में दिये गये निर्देशानुसार अपने समस्त मूल एवं स्वहस्ताक्षरित अभिलेखों यथा– शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र, अन्तिम शिक्षण संस्थान से निर्गत मूल चरित्र प्रमाण–पत्र एवं निर्धारित प्रारूप में जारी शपथ–पत्र तथा 10 अदद नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य साथ लेकर आयेंगे। शपथ–पत्र एवं दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र का प्रारूप निम्नवत है।

आज्ञा से–

पुलिस अधीक्षक, हमीरपुर

# चरित्र का प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मै श्री/कु0/श्रीमती ............................................................... पुत्र/पुत्री श्री .......................................................... को गत् ........................ वर्ष ........................... माह से जानता हूँ, जहां तक मुझे जानकारी और विश्वास है, यह प्रशंसनीय चरित्र रखता/रखती है और उसके प्रागवृत्त (Antecedents) ऐसे नहीं हैं जो कि उसे राजकीय सेवा के लिये अयोग्य साबित करें।

श्री/कु0/श्रीमती ...................................................... मुझसे सम्बन्धित/असम्बन्धित नहीं है।

स्थानः– ..........................

दिनांकः– .......................

हस्ताक्षर .............................

(नाम व पदनाम की मुहर)

**परिशिष्ट—''ड'**

## शपथ पत्र का प्रारूप

श्री/श्रीमती/कुमारी............................उम्र लगभग ...........वर्ष पुत्र/पुत्री/पति श्री ..................... निवासी—ग्राम/मुहल्ला मकान संख्या .................. डाकघर.................. विकास खण्ड.................... थाना ............. तहसील .................................... जिला ..........................(पिन कोड...................) का **शपथ पत्र।**

मैं ............................. उपर्युक्त अभिसाक्षी शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता/करती हूँः—

(1) यह कि मै उत्तर प्रदेश सरकार के पुलिस विभाग के आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर नियुक्ति हेतु जिला ............................ से एक अभ्यर्थी हूँ तथा मेरा अनुक्रमॉक ..................... है।

(2) यह कि मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मुकदमा/मामला मेरी जानकारी मे कभी पजीकृत नहीं हुआ है। और न ही कोई पुलिस विवेचना **(INVESTIGATION)** लम्बित है और न ही मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक अभियोग न्यायालय में विचाराधीन है।

(3) यह कि मुझे किसी आपराधिक अभियोग में किसी सक्षम/दाण्डिक न्यायालय द्वारा सिद्धि दोष **(CONVICTION)** नहीं किया गया है।

(4) यह कि मै किसी राष्ट्र विरोधी राजनैतिक पार्टी का कभी भी सदस्य नहीं रहा है।

(5) यह कि मैं कभी भी किसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नहीं रहा हूँ।

(6) यह कि मुझे कभी भी किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है।

(7) यह कि कभी आपराधिक मामले में पुलिस ने चालान नहीं किया गया है।

(8) यह कि मै राज्य सरकार/भारत सरकार द्वारा उनकी सेवा से कभी भी बर्खास्त **(DISMISS)** नहीं किया गया है।

(9) यह कि आवेदन—पत्र में उल्लिखित यदि कोई बात गलत पायी जाय अथवा किसी सत्य को छिपाया गया तो मुझे पुलिस आरक्षी के कोर्स में सम्मिलित नहीं होने दिया जाय/कोर्स से निकाल दिया जाये तथा विधिक दण्ड दिया जाये।

(10) यह कि मैंने कभी भी किसी विध्वंसक कार्य में भाग नहीं लिया है।

(11) यह कि आपराधिक मामले में जो मेरे विरूद्ध पंजीकृत हुआ है या जिनमें मेरा चालान किया गया है या जो मेरे विरूद्ध विवेचनाधीन अथवा विचाराधीन अथवा दोषमुक्त किया गया है, उसका विवरण निम्नवत हैः—(**आवश्यकतानुसार शीट संलग्न करें**)

(1)

(2)

(3)

(12) यह कि मेरे द्वारा शैक्षिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण—पत्र जो ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये गये हैं, सत्य हैं

(13) (क) यह कि मै अविवाहित/विधुर हूँ।

(ख) यह कि मै विवाहित हूँ तथा एक ही जीवित पत्नी है।

(ग) यह कि मै विवाहित हूँ तथा एक से अधिक जीवित पत्नियॉ है।

(14) यह कि यदि इस शपथ—पत्र(घोषणा—पत्र) में अंकित तथ्य भविष्य में कभी भी गलत पाये जाये तो मुझे पुलिस आरक्षी के कोर्स/सेवा से तुरन्त पृथक कर दिया जाये एंव मेरे विरूद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अमल में लायी जाय।

**शपथकर्ता का निशान अंगूठा** **शपथकर्ता**

मै......................उपर्युक्त अभिसाक्षी, शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ—पत्र के प्रस्तर .......... में उल्लिखित तथ्य मेरी व्यक्तिगत जानकारी तथा विश्वास में सत्य हैं। इस शपथ—पत्र के प्रस्तर ............ में उल्लिखित तथ्य सूचनाओं पर आधारित है तथा जिन्हें मैं विश्वास करता हूँ कि वे भी सत्य है। इसका अंश असत्य अथवा झूठा नहीं है। तथा कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया नहीं गया है। ईश्वर मेरी रक्षा करे।

**अभिसाक्षी**

आज दिनॉक ............................. को .................. पूर्वान्ह/अपरान्ह में सिविल कोर्ट जिला प्रांगण में अभिसाक्षी द्वारा सत्यापित किया गया।

**अभिसाक्षी/शपथकर्ता**